पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार
****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, कार्तिक 03, 1945
बुधवार, अक्टूबर 25, 2023

राष्ट्रीय खेल 2023, गोवा में 500 सदस्यीय सशस्त्र बल दल लेगा भाग

गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों (एनजी-23) में सशस्त्र बलों के लगभग 500 जवानों का सैन्य दल भाग ले रहा है। खेल अक्टूबर 23, 2023 को शुरू हुए और नवंबर 09, 2023 तक जारी रहेंगे। उद्घाटन समारोह अक्टूबर 26, 2023 को होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

एनजी-23 के दौरान रिकॉर्ड 43 खेल विधाओं और 49 स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। एसएससीबी दल सहित 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 10,000 एथलीट खेलों में भाग ले रहे हैं। एसएससीबी दल निम्नलिखित 23 खेलों में भाग लेगा:

(1)	एक्वेटिक्स	(9)	फुटबॉल	(17)	टेनिस
(2)	आर्चरी	(10)	जिमनास्टिक्स	(18)	तायक्वोंडो
(3)	एथलेटिक्स	(11)	जूडो	(19)	ट्राइथलॉन
(4)	बास्केटबॉल	(12)	कबड्डी	(20)	वेटलिफ्टिंग
(5)	बीच हैंडबॉल *	(13)	के एवं सी	(21)	रेसलिंग (कुश्ती)
(6)	बॉक्सिंग	(14)	रोइंग	(22)	वुशु
(7)	साइकिलिंग (रोड एवं ट्रैक)	(15)	शूटिंग	(23)	याचिंग (नौकायन)
(8)	फेन्सिंग	(16)	स्क्वॉश		

* प्रथम भागीदारी

राष्ट्रीय खेलों का आरंभ स्वतंत्रता से पहले हुआ था और तभी से एसएससीबी राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रहा है। सेना दल का उद्देश्य एनजी-23 में खेल भावना, प्रतिस्पर्धी भावना और सभी खेलों में उत्कृष्टता हासिल करना है।

एसएससीबी दल 2007 से पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। इसने पिछले चार संस्करणों में सबसे अधिक पदक हासिल किए हैं। गुजरात में आयोजित एनजी-22 में एसएससीबी ने 61 स्वर्ण, 35 रजत और 32 कांस्य सहित कुल 128 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया और प्रतिष्ठित राजा भलिंदर सिंह ट्रॉफी जीती। एनजी-22 में सशस्त्र बलों के कुल 480 जवानों ने भाग लिया था।

एबीबी/एसएस